# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली, सोमवार, 11 मई 2026


## सुविचार



एक बार एक युवक को एक अच्छी सलाह प्राप्त करते हुए मैंने सुना था कि, हमेशा वह कार्य करो जिसको करने से आप डरते हैं।

- राल्फ वाल्डो एमर्सन


### बरेली के प्रमुख समाचार

- महानगर के पास बाइक टच होने पर सेल्समैन को उठा ले गए दबंग-II
- व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी हैं शिक्षा, कौशल और नैतिक मूल्य- III
- रोहिलखंड एलीट स्मैशर्स बना वॉलीबॉल विजेता- IV


## सिटी ब्रीफ

### रम्पुरा प्रवीन मार्ग के चौड़ीकरण को 1.20 करोड़ जारी

**बरेली, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2026-27 में बरेली मंडल के अंर्तगत कुल 14 मार्गो के चालू कार्यों के लिए अवशेष धनराशि के सापेक्ष 15 करोड़ 23 लाख रुपए का आवंटन किया गया है। इसमें एक सड़क बरेली जिले की भी शामिल है। फरीदपुर बीसलपुर मार्ग से रसूला चौराहा से ककरा कला होते हुए रम्पुरा प्रवीन मार्ग के चौड़ीकरण के लिए एक करोड़ 20 लाख रुपए जारी हुए हैं। आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2027 तक पूर्ण किया जाना है।

### इग्नू ने जुलाई 2026 सत्र के लिए पंजीकरण किए शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2026 सत्र के लिए दोबारा पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। क्षेत्रीय अध्यायन केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक प्रो. अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थी 30 जून 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से पुन पंजीकरण करा सकेंगे। प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि सत्रांत परीक्षा से पूर्व पुन: पंजीकरण कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए किसी भी कार्य दिवस में इग्नू अध्ययन केंद्र, बरेली कॉलेज पर संपर्क किया जा सकता है। सहायक समन्वयक डॉ. बृजवास कुशवाहा, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, भजनलाल, सर्वेद्र मिश्रा, सरस शर्मा एवं दीपक कुमार कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे।

## शहर में आज

- इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ द्वारा क्रांति कपूर गर्ल्स विद्यालय में स्मार्ट क्लास हेतु डिजीटल एलईडी बोर्ड वितरण सुबह 11 बजे
- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा युवा प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर व जिला सम्मेलन को लेकर बैठक बेकमा हाउस में रात 8 बजे
- बरेली कालेज में विश्वविद्यालय की परीक्षा सुबह 8 बजे से 11 बजे, 12 बजे से 2 बजे और 3 बजे से 5 बजे तक

### बदायूं रोड के खतरनाक हालात के चलते पास होकर भी दूर हुआ गंगा एक्सप्रेस वे, जाम में फंस रहीं गाड़ियां

# बिनावर तक 37 किमी सड़क में 11 डायवर्जन, कैसे दौड़ें वाहन





कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा रोड पर चौड़ीकरण की कहानी भी अजीब नजर आ रही है। न तो काम रफ्तार पकड़ रहा और न वाहन ही निर्धारित स्पीड को छू पा रहे हैं। सड़क की हालत ऐसी है कि बिनावर गंगा एक्सप्रेस एंट्री प्वाइंट तक 37 किमी की दूर में 11 डायवर्जन झेलने पड़ रहे हैं। इसकी वजह से एक लेन में दोनों ओर का ट्रैफिक दौड़ाया जा रहा है। हादसों का डर सता रहा है। जाम भी लग रहा है।

हालात ये है कि 30 मिनट का सफर डेढ़-डेढ़ घंटे में पूरा हो रहा है। चौड़ीकरण कार्य धीमी गति से चलता देख हर कोई सिस्टम को कोस रहा है।





बदायूं रोड पर किया गया डायवर्जन। ● अमृत विचार

मथुरा-वृंदावन और आगरा, अलीगढ़ कनेक्टिंग रूट होने की वजह से बदायूं-कासगंज रोड पर पहले से ही ट्रैफिका का काफी दबाव था। गंगा एक्सप्रेस वे शुरू हो जाने की वजह से बरेली-पीलीभीत से रोज बड़ी संख्या में वाहन बिनावर एंट्री प्वाइंट का रुख कर रहे हैं। चौड़ीकरण कार्य जारी होने के चलते बदायूं रोड पर जगह-जगह डावर्जन कर वाहन गुजारे जा रहे हैं। अमृत विचार की पड़ताल में सामने आया कि बदायूं रोड पर रामगंगा पुल से थोड़ा आगे बढ़कर चाढ़पुर, कोनी, मकरंदपुर, भोलापुर, भमोरा, सिरोही, रसूलपुर और बरेखड़ा सहित 11 जगहों पर डायवर्जन रिकॉर्ड किए गए हैं। कई स्थान

कहीं धार्मिक स्थलों के विस्थापन का पेंच फंसा है, तो कहीं कार्यदायी संस्था की ढिलाई से काम अटका है। डायवर्जन से वाहन सवार परेशान रहे हैं। स्कूली गाड़ियों से पढ़ने जाने वाले बच्चे भी मुश्किल झेल रहे हैं। राहगीरों का कहना है कि पहले बरेली से बिनावार तक का सफर पहले 30-35 मिनट में आसानी से पूरा हो जाता था, लेकिन अब डेढ़ से भी ज्यादा लग रहा है। परेशान लोग शासन-प्रशासन और एनएचएआई से चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाने की गुहार लगा रहे हैं, ताकि जितना जल्दी हो, आफत से पीछा छूट सके। तब तक यातायात सुचारू बनाए रखने को पुलिस लगाने की मांग है।



डायवर्जन के चलते रेंग-रेंगकर गुजरते वाहन। ● अमृत विचार



बदायूं रोड पर बेतरतीब डायवर्जन की वजह से हर वक्त धूल उड़ती रहती है, जिससे सांस लेना मुश्किल हो गया है। एनएचएआई को कम से कम पानी का छिड़काव तो करना ही चाहिए।

–सोनू, दुकानदार

"बदायूं-मथुरा फोरलेन का काम तेजी गति से चल रहा है। डायर्वजन की वजह से लगने वाले जाम की समस्या भी जल्द ही हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। इस फोरलने पर कई पुल और अंडरपास बन रहे हैं। कुछ डायर्वजन ऐसे हैं जहां सड़क चौड़ीकरण का काम पूरा होने पर हटाने का विचार चल रहा है।

–उत्कर्ष शुक्ला, पीडी एनएचएआई बदायूं डिवीजन



परिवार के साथ मथुरा जा रहे थे, लेकिन रास्ते की हालत देखकर पछता रहे। धूल और जाम ने तो परिवार के लोगों की हालत ही बेहद खराब कर दी। साइन बोर्ड भी ठीक से नहीं लगे हैं।

–बेबी मौर्य, गृहणी



अक्सर काम से बरेली से बदायूं जाना होता है। इस हाईवे पर डायर्वजन इतने ऊबड़-खाबड़ हैं कि बाइक चलाना दूभर है। बरेली से बदायूं तक एक घंटे का सफर दो घंटे में पूरा होता है।

–नेमचंद्र मौर्य

### शिक्षक एमएलसी चुनाव में भगवत -जयेश बने सपा मंडल प्रभारी

**बरेली, अमृत विचार :** सपा ने बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड एमएलसी चुनाव को प्रभारी घोषित किए हैं। पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार के साथ पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद को बरेली मंडल प्रभारी बनाया है।

पीलीभीत की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू, बदायूं में विधायक हिमांशु यादव और शाहजहांपुर में पूर्व विधायक राजेश यादव वोट बनवाने में पार्टी प्रत्याशी मोहम्मद दानिश अख्तर प्रभारी के रूप में सहयोग करेंगे। इसी तरह मुरादाबाद मंडल की जिम्मेदारी बिलारी विधायक इरफान फहीम और नजीबाबाद विधायक तसलीम अहमद को मिली है। संभल में पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान, बिजनौर में विधायक पंकज मलिक, अमरोहा में विधायक अतुल प्रधान प्रभारी का दायित्व संभालेंगे। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने इसका ऐलान किया है। पूर्व सपा प्रवक्ता हैदर अली ने यह जानकारी दी है।

# कानूनगो-लेखपाल ने फोटोकॉपी के दम पर ही बदल डाला सरकारी जमीन का भूगोल

### नवाबगंज में लेखपाल से तहसीलदार तक चला चला सरकारी जमीन के खुर्द-बुर्द का खेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

- जांच में हुआ खुलासा, वर्ष 2013 के पट्टों की आड़ में रची गई थी बड़ी जमीन घोटाले की साजिश

**अमृत विचार :** नवाबगंज तहसील के ज्योरा मकरंदपुर में हुए भू-घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद अब तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जांच के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि कैसे सिस्टम के भीतर बैठे लोगों ने नियमों को ताक पर रखकर सरकारी जमीन को खुर्द-बुर्द करने का खेल रचा और राजस्व विभाग के ही कुछ जिम्मेदारों ने फाइलों में लगे असली कागजों की जगह महज फोटोकॉपी के दम पर करोड़ों की सरकारी जमीन का पूरा भूगोल ही बदल कर करोड़ों की सरकारी जमीन भूमाफियाओं के नाम कर दी।

यह मामला वर्ष 2013 के पट्टों से शुरू हुआ था, जो तकनीकी खामियों के कारण काफी पहले ही निरस्त किए जा चुके थे। इसके बावजूद, अभिलेखों में हेराफेरी कर इस बेशकीमती जमीन को सरकारी घोषित करने के बजाय भू-माफियों के पक्ष में बनाए रखा गया। जब शिकायतकर्ताओं ने मामला उठाया और जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच हुई तो सामने आया कि इस भू-घोटाले को अंजाम देने के लिए फोटोकॉपी का सहारा लिया गया। नियमानुसार किसी भी जमीन का राजस्व रिकॉर्ड में नाम चढ़ाना मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बिना नहीं हो सकता। लेकिन इस मामले में धारा 38 के तहत प्रक्रिया अपनाते



अविनाश सिंह, जिलाधिकारी।

समय कानूनगो श्याम सुंदर गुप्ता ने बिना लेखपाल की अनिवार्य आख्या के ही फाइल को आगे बढ़ा दिया। इतना ही नहीं, तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने भी मूल दस्तावेजों को देखे बिना ही प्रकरण को एसडीएम न्यायिक के न्यायालय में भेज दिया। इसी कूटरचित प्रक्रिया के जरिए सरकारी जमीन को निजी पक्ष में दर्ज करा दिया गया।

#### कब्जेदारों को 'स्टे' दिलाने को की गई गड़बड़ी

लापरवाही का आलम यह था कि जब मामले ने तूल पकड़ा, तब भी तहसील की टीम ने कार्रवाई में जानबूझकर सुस्ती दिखाई। बीते दिनों शिकायत पर जब नायब तहसीलदार और पुलिस बल मौके पर पहुंचे, तो केवल औपचारिकता निभाने का काम किया गया। तहसील की टीम ने गन्ने की फसल को हाथ तक नहीं लगाया गया और कब्जेदारों को मौखिक रूप से ऐसी मोहलत दी गई, जिसका फायदा उठाकर वे तत्काल अपर आयुक्त (न्याय) की अदालत पहुंच गए और स्टे) हासिल कर लिया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि यह पूरी कवायद कब्जेदारों को राहत दिलाने के लिए तहसील प्रशासन की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा थी।

#### गांववालों के संघर्ष से खुली फर्जीवाड़े की पोल

ज्योरा मकरंदपुर के इस भू-घोटाले को उजागर करने में गांव के ही दो जागरूक ग्रामीणों, सूरजपाल और लालाराम की मुख्य भूमिका रही। उन्होंने करीब 23 माह पूर्व तहसील दिवस में इस बेशकीमती सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, तहसील प्रशासन ने उस समय ठोस कार्रवाई करने के बजाय शिकायतकर्ताओं के नाम से ही आरोपी पक्ष पर मुकदमा दर्ज कराकर पल्ला झाड़ लिया था। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें लंबे समय तक प्रशासनिक उपेक्षा का सामना करना पड़ा, फिर भी हार नहीं मानी। डीएम ने संज्ञान लिया और इस बड़े भ्रष्टाचार का खेल उजागर हो गया।

## चौपला पुल पर मरम्मत के चलते 45 दिन डायवर्जन



12 मई को सुबह 8 बजे से लागू होगा यातायात में बदलाव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्जन को लेकर जारी की एडवाइजरी

**अमृत विचार :** चौपला पुल पर मरम्मत एवं निर्माण कार्य के चलते 12 मई को प्रात 8 बजे से लगभग 45 दिनों तक शहर में बड़े स्तर पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा।

इस अवधि में भारी वाहनों, तेल टैंकरों, डेयरी उत्पाद वाहनों, रोडवेज बसों, सिटी बसों तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली का संचालन प्रभावित रहेगा और कई प्रमुख मार्गों पर पूर्ण या आंशिक प्रतिबंध रहेगा। बदायूं से बरेली आने वाले सभी बड़े वाहन रामगंगा से चौपला पुल की ओर नहीं आ सकेंगे और उन्हें रामगंगा तिराहा व बुखारा मोड़ के रास्ते शहर में प्रवेश करना होगा। चौपला चौराहा से बदायूं रोड और गन्ना मिल की ओर जाने वाले सभी वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

नैनीताल और पीलीभीत की ओर जाने वाले वाहनों को वियावानी कोठी, बुखारा मोड़ और रामगंगा मार्ग से डायवर्ट किया गया है। दिल्ली, मुरादाबाद और रामपुर से आने वाली रोडवेज बसें भी अब चौकी चौराहा और रामगंगा तिराहा होते हुए ही संचालित होंगी। करगैना, बीडीए और सुभाषनगर के निवासियों के लिए भी वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं ताकि वे दोपहिया वाहनों से आवागमन कर सकें।

## शंख की आवाज सुनो





नाथ नगरी को खास स्वरूप देने के लिए नगर निगम ने यात्री शेड भी खास आकार-प्रकार में तैयार कराए थे, जैसे कि अर्बन हॉट पर शेड को शंख की शक्ल दी गई थी, इस काम में पैसा भी ठीक-ठाक खर्च किया। उसके बाद सबने ध्यान देना बंद कर दिया। सबका ध्यान खींचने वाले शंख को निगम वालों ने अपनी जगह से हटाकर दूसरी जगह पटक दिया। अब उसकी हालत खराब है। यही स्थिति दूसरे प्रतीक शेडों की भी हो रही है। सवाल ये है कि जब ऐसे प्रतीकों की जरूरत नहीं थी तो इन पर पैसा क्यों बहाया गया? बनाकर लगवा भी दिए गए तो हटाकर दुर्दशा के लिए क्यों छोड़े जा रहे? शंख का दर्द शंख ही समझ सकता है!

**फोटो एवं विवरण** ● मोहित कुमार सिंह

### सीएम डैशबोर्ड में बरेली को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

**बरेली, अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड की अप्रैल 2026 की रैंकिंग में बरेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है।

विकास कार्यक्रमों में बरेली को चौथा स्थान मिला, जबकि राजस्व में दूसरे स्थान पर रहा। विकास और राजस्व दोनों की ओवरऑल रैंकिंग में बरेली ने नई उपलब्धि दर्ज की है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पूरे अमले को बधाई देते हुए विभागीय कार्यों में गति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अधिकारी व कर्मचारियों के प्रयासों की भी सराहना की है।

# कूड़े से बायोगैस-खाद बनाएगा निगम, डलावघर होंगे समाप्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- केंद्र सरकार की शीर्ष समिति से 88.69 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं को मिली मंजूरी
- कचरा संग्रह के लिए 130 नए सीएनजी वाहन मिलेंगे, ऑनलाइन होगी निगरानी

**अमृत विचार :** नगर निगम को शहर की सफाई व्यवस्था को आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने 'सिटीज 2.0' योजना के तहत बरेली स्मार्ट सिटी की 88.69 करोड़ की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी है। इस मंजूरी के साथ ही शहर में कचरा प्रबंधन का दशकों पुराना ढर्रा पूरी तरह बदलने वाला है, जिससे बरेली जीरो वेस्ट सिटी बनने की राह पर अग्रसर होगा।

योजना के तहत शहर के उन सभी डलाव घरों को समाप्त कर दिया जाएगा जो लंबे समय से गंदगी और बदबू का केंद्र बने हुए थे। इनकी जगह व्हीकल टू व्हीकल ट्रांसफर सिस्टम प्रभावी होगा। घर-घर से कूड़ा इकट्ठा करने के लिए 130 नई सीएनजी आधारित गाड़ियां तैनात की जाएंगी। अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय ने बताया कि गीले कचरे को फेंकने के बजाय उससे बायोगैस और जैविक खाद तैयार की जाएगी। इसके लिए अत्याधुनिक प्लांट स्थापित किए जाएंगे। कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनों की क्षमता भी 50 टीपीडी से बढ़ाकर 80 की जाएगी। पूरे सिस्टम को डिजिटल तकनीक से लैस किया जाएगा। कचरा ढोने वाले वाहनों की निगरानी जीपीएस, आरएफआईडी और सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जाएगी, कचरा बीनने वाले गरीब परिवारों को 'सर्कुलर इकोनॉमी' से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।



प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन देखते नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त व अन्य। ● अमृत विचार

#### धार्मिक स्थलों से निकलने वाले अवशेष से होगी कमाई

मंदिरों और दरगाहों से निकलने वाले फूलों के निस्तारण के लिए 1 टीपीडी क्षमता का प्लांट लगेगा, जबकि नारियल के खोल और रेशों के लिए 2 टीपीडी क्षमता का प्रोसेसिंग केंद्र बनाया जाएगा। इन अवशेषों को प्रोसेस कर अगरबत्ती, खाद और सजावटी सामान जैसे उपयोगी उत्पादों में बदला जाएगा, जिससे कचरा प्रदूषण के बजाय आय का जरिया बनेगा।

"सिटीज 2.0 के तहत स्वीकृत 88.69 करोड़ की यह परियोजना बरेली को कचरा मुक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। हमारा लक्ष्य पारंपरिक ढलाव घरों को समाप्त कर तकनीक आधारित ''जीरो वेस्ट'' मॉडल लागू करना है। हम जनसहयोग से बरेली को देश के स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

– संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

#### अर्बन चैलेंज फंड से शहर को मिलेगी नई पहचान

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्र सरकार की ओर से शुरू किए गए 'अर्बन चैलेंज फंड' (यूसीएफ) के तहत नगर निगम ने 130.15 करोड़ रुपये की वृहद कार्ययोजना तैयार की है। इस योजना के तहत शहर के प्रमुख क्षेत्रों में व्यावसायिक केंद्र और ऑफिस स्पेस विकसित किए जाएंगे। नगर निगम ने कार्ययोजना मंजूरी के लिए शासन को भेज दी है। एक्सईएन राजीव राठी के अनुसार, नगर निगम मुख्यालय के पास कमर्शियल और ऑफिस स्पेस के विकास के लिए 11.95 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। प्रेमनगर में व्यावसायिक स्थल और कार्यालय विकसित करने के लिए 35.60 करोड़ रुपये की योजना है। इसके अलावा शहर में एक भव्य 'कन्वेंशन सेंटर कम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स' बनाने का सबसे बड़ा प्रस्ताव 82.60 करोड़ रुपये का है। तीनों बड़ी परियोजनाओं पर कुल 130.15 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि यह केंद्र शहर के विकास को नई दिशा देंगे साथ ही इससे निगम की आय भी बढ़ेगी।

## पाइपलाइन फटने से मंदिर और दुकानों में घुसा पानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वार्ड 50 के जनकपुरी इलाके में दो दिनों से बनी है जलभराव की समस्या

**अमृत विचार :** जनकपुरी में पिछले दो दिनों से जलभराव ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पानी एक दुकान और मंदिर परिसर में घुस गया है। पार्षद सतीश कातिब ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से शिकायत कर इसमें हस्तक्षेप करने मांग की है। लीकेज के कारण श्रद्धालुओं को भी मंदिर जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि पाइप लाइन शनिवार से फटी हुई है और इसकी सूचना तत्काल सुपरवाइजर शमशाद हुसैन को दी गई थी। पार्षद का आरोप है कि सुपरवाइजर ने शिकायत मिलने के बावजूद अब तक मरम्मत का कार्य शुरू कराना तो दूर, स्थल निरीक्षण करने की ज़हमत तक नहीं उठाई। पार्षद ने चेतावनी दी जल्द पाइपलाइन की मरम्मत नहीं की गई तो लोगों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे।



मंदिर में जलभराव।

## करप्शन की आहट, ठेकेदार का पेमेंट रोका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के जानलेवा और खुले नालों पर सुरक्षा के नाम पर लगाई गई लोहे की रेलिंग निगम के गले की फांस बन गई है। करोड़ों की लागत से तैयार इस सुरक्षा ढांचे में भ्रष्टाचार की बू आने के बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी को निर्देश दिए कि जब तक रेलिंग की गुणवत्ता की विस्तृत तकनीकी जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक संबंधित ठेकेदारों का एक भी पैसा भुगतान नहीं किया जाएगा।

दरअसल, यह पूरी कवायद पिछले दिनों सैटेलाइट बस स्टैंड के पास नाले में गिरकर हुई ट्रक चालक तौहीद की मौत के बाद शुरू हुई थी। नगर निगम ने आनन-फानन में खुले नालों के किनारे रेलिंग लगाने का काम स्वीकृत किया। अब आरोप लग रहे हैं कि अवर अभियंताओं और ठेकेदारों की मिलीभगत से इस आपदा को अवसर में बदल दिया गया। शहर के कई हिस्सों से शिकायतें आनी लगीं कि बेहद घटिया और पतले पाइपों का इस्तेमाल किया गया है। वेल्डिंग और फिटिंग की हालत ऐसी है कि किसी हादसे को रोकने के बजाय खुद खतरे में है। नगर आयुक्त का कहना है कि रेलिंग जान बचाने को हैं, न कि बजट खपाने को। स्कूल, बाजार और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में लगी रेलिंग की जांच के बाद ही भुगतान कराएंगे।



पीलीभीत रोड पर एक नाले किनारे लगाई गई लोहे की रेलिंग। ● अमृत विचार

- नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता से मांगी तकनीकी जांच रिपोर्ट

## जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों पर चर्चा

**बरेली, अमृत विचार:** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एसआरएमएस मेडिसिन अपडेट और दूसरी यूपीसीसीडीएसआईकोन कांफ्रेंस का रविवार को समापन हुआ। एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया की बरेली शाखा के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में विशेषज्ञों ने कार्डियो-मेटाबोलिक और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों पर चर्चा की।

विशेषज्ञों ने मेटाबोलिक डिस्फंक्शन एसोसिएटेड फैटी लीवर डिजीज, सीकेएम सिंड्रोम, कार्डियो-रीनल-डायबिटीज प्रबंधन और हार्ट फेल्योर पर आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विचार साझा किए। वक्ताओं ने सक्रिय जीवनशैली, नियमित व्यायाम और संतुलित आहार को अनिवार्य बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक, मेडिकल शिक्षाविद और एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्य उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण हो रहीं इन बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता ही उपाय है।

## बरेली के एथलीटों ने किया नेशनल के लिए क्वालिफाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली के एथलीटों ने प्रयागराज में 7 और 8 मई को आयोजित सीनियर ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया।

अंजली सिंह ने 400 मीटर हर्डल रेस में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीत बिहार में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। अनुष्का ने 200 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल कर नेशनल में जगह बनाई। प्रदीप कुमार ने 400 मीटर दौड़ 48.65 सेकेंड में पूरी कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया।

रोहित भदौरिया ने 800 मीटर दौड़ में चौथा स्थान प्राप्त करते हुए नेशनल का टिकट पक्का किया। ये खिलाड़ी कोच अजय कश्यप से निशुल्क प्रशिक्षण ले रहे हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा, जिला सचिव गजेंद्र तोमर, सत्यवीर यादव, पंकज, संजय कुमार और बलवंत सिंह समेत कई खेल प्रेमियों ने इन खिलाड़ियों को बधाई दी।


क्वालिफाई करने वाले एथलीट।

- चारो खिलाड़ी बिहार में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे


### युवाओं की फिटनेस के लिए बना जिम रखरखाव के अभाव में तोड़ रहा है दम

## बरेली कॉलेज का जिम बदहाल, उपकरण फांक रहे धूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में छात्रों और युवाओं को फिट रखने के उद्देश्य से तैयार किया गया जिम बदहाली का शिकार हो गया है। उपकरणों में जंग लग चुकी है। कुछ उपकरण टूट-फूट की स्थिति में पड़े हैं। लंबे समय से बंद पड़े जिम भवन के भीतर गंदगी, सीलन और अव्यवस्था है।

कॉलेज प्रशासन ने विद्यार्थियों को बेहतर खेल और फिटनेस सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिम तैयार कराया था। समय के साथ इसकी स्थिति खराब होती चली गई। जिम में लगे ट्रेडमिल, डंबल, बेंच प्रेस और अन्य फिटनेस उपकरण देखभाल के अभाव में खराब हो गए हैं। कई मशीनों के पार्ट्स टूट चुके हैं। कुछ पर धूल की मोटी परत जमी हुई है। छात्रों का कहना है कि शुरुआत में जिम कुछ समय तक संचालित हुआ। बाद में इसकी देखरेख पर ध्यान नहीं दिया गया। धीरे-धीरे मशीनें खराब होती चली गईं। आज हालात यह है कि अधिकांश उपकरण इस्तेमाल लायक नहीं बचे हैं। दीवारों पर सीलन, जगह-जगह उखड़ा प्लास्टर और गंदगी दिखाई दे रही है। बरसात के दिनों में स्थिति और खराब होगी। खराब वातावरण के कारण भी जिम में आने वालों की संख्या कम होती गई।


जिम में उपकरणों का कोई पुरसाहाल नहीं। • अमृत विचार


कोने में डाल दिए गए डंबल। • अमृत विचार

- जिम में उपकरण की कद्र नहीं, टूट गई ट्रेडमिल, डंबलों में लग रही जंग

बरेली कॉलेज के क्रीड़ा प्रभारी विवेक डागर ने बताया कि जिम खुलती है लेकिन अभी परीक्षा के दौरान नहीं खुल रही है। जिम में कुछ उपकरण खराब हैं जिनको जिम की छत पड़ने बाद सही कराया जाएगा। इसका टेंडर हो चुका है। इसके बाद मैट बिछाकर जिम की सही से शुरू कराया जाएगा।


टूटी ट्रेडमिल। • अमृत विचार


ऐसे ही पड़े वेट। • अमृत विचार

# व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी हैं शिक्षा, कौशल और नैतिक मूल्य

### रुहेलखंड विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान श्रृंखला का समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय की ओर से आयोजित प्रो. एस.बी. सिंह मेमोरियल इंटरनेशनल वैल्यू एडेड लेक्चर सीरीज का रविवार को समापन हो गया। व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को शिक्षा, कौशल विकास, नैतिक मूल्यों और तकनीकी नवाचार से जोड़ते हुए समग्र व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना रहा।

व्याख्यान श्रृंखला में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं ने समकालीन शिक्षा, कौशल आधारित शिक्षण, मानव मूल्यों और तकनीकी प्रगति जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। दूसरे दिन के प्रथम सत्र में अकिन्चन



दास ने 'शाश्वत सत्य जो आपकी सोच बदल सकता है' विषय पर सकारात्मक सोच और जीवन मूल्यों का महत्व बताया। डॉ. राशि सक्सेना ने कौशल आधारित शिक्षा को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। अनुष्का ने विद्यालयी शिक्षा में स्किल नॉलेज की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ. सिम्ता ड्रोन ने मानव केंद्रित शिक्षा प्रणाली में संवेदनशीलता की भूमिका को रेखांकित किया। अगले चरण में डॉ. ऋचा मिश्रा ने कौशल आधारित शिक्षा, नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा का आधार बताया। प्रो. सुमिता श्रीवास्तव ने मूल्य आधारित शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शोध की आवश्यकता पर बल दिया। अंतरराष्ट्रीय सत्र में डॉ. राशि सिंह ने कहा कि डिजिटल युग विद्यार्थियों को वैश्विक अवसर उपलब्ध करा रहा है। डॉ. देवराज पनेरू ने वैश्विक शिक्षा, नेतृत्व क्षमता और प्रबंधन शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की आयोजक प्रो. तुलिका सक्सेना ने कहा कि इस प्रकार की व्याख्यान श्रृंखलाएं विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नई सोच, सकारात्मक दृष्टिकोण और व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करती हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. तुलिका सक्सेना, डॉ. ऋचा और वैशाली ने संयुक्त रूप से किया। विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने व्याख्यानों को प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताया।

### एजुकेशन 5.0 और तकनीकी शिक्षा पर विशेष व्याख्यान

अंतिम दिन एथिक्राफ्ट क्लब के समन्वयक अकिन्चन चैतन्य दास ने एजुकेशन 5.0 विषय पर कहा कि आधुनिक शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि नैतिक मूल्यों, मानवीय संवेदनाओं और व्यावहारिक कौशलों के समन्वय से समाज के विकास का माध्यम बनती है। दूसरे सत्र में जीजीएसआईपीयू के विभागाध्यक्ष डॉ. असजद उस्मानी ने शिक्षा का भविष्य : प्रौद्योगिकी के माध्यम से मानव सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान देते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल शिक्षण और तकनीकी नवाचार की भूमिका को विस्तार से समझाया।

## 16 करोड़ की मशीनों से होगी सड़कों की धुलाई

**बरेली, अमृत विचार:** शहर को और स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर निगम ने मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की खरीद को हरी झंडी दे दी है। इसके लिए करीब 1.10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन और 15 वें वित्त आयोग की साझा भागीदारी रहेगी। इसके लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई चुकी है। एक्सईएन राजीव राठी के अनुसार केवल सड़कों की मशीन से सफाई ही नहीं, बल्कि घरों के बाहर से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की किल्लत भी अब खत्म होने वाली है। नगर निगम ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और उसके परिवहन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 15.23 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। इससे नए टिप्पर, डंपर और अन्य आधुनिक वाहन खरीदे जाएंगे। मंडलीय क्रय समिति की मंजूरी मिलने के बाद बेड़े में नए वाहनों के शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

## श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिन पर शहर में सत्संग-ध्यान समागम



कार्यक्रम में पहुंचे योगी अनुराग। • अमृत विचार


कार्यक्रम में भजन गातीं महिलाएं। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिवस एवं संस्था के 45 वर्ष होने के अवसर पर शहर में सत्संग-भजन एवं ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बरेली चैप्टर की ओर से गंगाचरण आर्यवर्द्धन अस्पताल के सभागार में संगीतमय ध्यान कराया गया। इसमें बैंगलूरू आश्रम से पहुंचे अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षक योगी अनुराग ने व्यक्ति के चेतना विस्तार को समझाते हुए बताया कि सुमधुर संगीत एवं ध्यान मन को स्पर्श करता है। ब्रह्म से जोड़ता है। बैंगलूरू आश्रम में 21 से 24 मई तक होने वाले उत्तर प्रदेश महोत्सव की जानकारी भी दी। सदस्य नीता मूना, डॉ.शशिवाला राठी, नीता मूना, अंजुल अग्रवाल ने कहा कि संगीतमय ध्यान से तनाव मुक्त होते हैं। आईएमए ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का भी आयोजन हुआ, जिसका संचालन संदीप अरोरा ने किया। ध्यान में डॉ. नवल किशोर, डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, अंकित अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, रंजीत पांचाले आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

एक अन्य कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़ीं टीचर शमा गुप्ता ने सभी के साथ सिविल लाइन स्थित शिवा हाल में श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव मनाया। एक दूसरे को बधाई दी। भजनों पर मंत्र मुग्ध होकर लोग खूब नाचे। इस मौके पर सिपता अग्रवाल, ज्योति सक्सेना, डॉ दीपक दुबे, डॉ. मृदुल शर्मा, डॉ . अनामिका अग्रवाल ,डॉ. मनोज अग्रवाल, नीता जौहरी, डॉ गीता चौहान, कोमल निहलानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मुसीबत भरा सफर


सूरज धीरे-धीरे आग उगलने लगा है और गर्मी लोगों को झुलसाने लगी है ऐसे में आम लोगों के लिए ट्रेनों में सफर भारी मुसीबत से कम नहीं है। भले ही रेल विभाग यात्रियों को सहूलियत देने के लिए गर्मी में कई विशेष ट्रेनें चलाने की बात कहे लेकिन लगता नहीं कि उससे बहुत ज्यादा हालात बदलेंगे। रेलवे जंक्शन पर अवध-आसाम ट्रेन के आते ही चढ़ने के लिए जद्दोजहद करते यात्री। • अमृत विचार

## बान्द्रा से बरेली होकर गोरखपुर तक विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रेलवे ने गर्मी में यात्रियों को राहत देते हुए भीड़ और लंबी वेटिंग कम करने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने बान्द्रा टर्मिनस से गोरखपुर और रतलाम तक विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे की इस सुविधा से बरेली वासियों को भी लाभ मिलने वाला है।

रेलवे के मुख्य जनसंम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 09157 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष ट्रेन 10 मई को बान्द्रा टर्मिनस से रवाना होकर दूसरे दिन गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं, वापसी में 09158 गोरखपुर-रतलाम ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 11 मई को गोरखपुर से चलेगी। ट्रेन का ठहराव बरेली सिटी, इज्जतनगर, पीलीभीत, सीतापुर, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद




समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर रहेगा, जिससे पूर्वांचल और रुहेलखंड क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। उनके अनुसार ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए जाएंगे।

इनमें 18 सामान्य द्वितीय श्रेणी और शयनयान श्रेणी के कोच होंगे। सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के रखे गए है। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर और अचानक यात्रा करने वाले यात्रियों को आसानी से सफर की सुविधा मिल सके। गर्मी के मौसम में मुंबई, गुजरात और राजस्थान से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर लौटते हैं। ऐसे में अतिरिक्त विशेष ट्रेनें यात्रियों की भीड़ कम करने के साथ नियमित ट्रेनों पर दबाव भी घटाएंगी।

### 55 लाख यात्रियों से 152 करोड़ की आय

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने अप्रैल-2026 में 152.07 करोड़ रुपये से अधिक का रेल राजस्व अर्जित कर नया रिकॉर्ड बनाया है। यात्री सुविधाओं में सुधार, बेहतर टिकटिंग व्यवस्था और सुरक्षित रेल संचालन के चलते मंडल की आय में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। रेलवे पर यात्रियों का भरोसा बढ़ने के साथ ही अप्रैल में मंडल की आय में 17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के अनुसार अप्रैल-2026 के दौरान 55.88 लाख यात्रियों ने मुरादाबाद मंडल की ट्रेनों में सफर किया। इससे मंडल को 107.54 करोड़ रुपये की यात्री आय प्राप्त हुई। जो मंडल के किसी एक माह में अब तक की सर्वश्रेष्ठ यात्री आय है।

## 16 लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा क्षेत्र में एसडीओ सचिन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में व्यापक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। गठित टीम में अवर अभियंता भोजीपुरा अजय कुमार, अवर अभियंता इज्जतनगर मोहम्मद अफजल, सुनील गोस्वामी, विशाल गंगवार, मुशर्रफ, आफताब अहमद, व्रजेश कुमार शर्मा, समीर अहमद शामिल रहे। टीम ने कंचनपुर, लक्ष्मीयापुर, मकरंदापुर तथा घंघोरा गांवों में गहन जांच की। इस दौरान मकरंदापुर निवासी अरुण कुमार एवं राम सिंह चोरी से आटा चक्की चलाते मिले। अयूब, छोटे वक्स, नवीन, आजाद खां, द्रौपदी, कड़े राम, शोभित, शेर सिंह, शमशाद, इमाम अली, अमरनाथ, जुन्ना लाल, अमित जागन लाल तथा नितिन कुमार सहित अन्य लोगों को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़ा गया।

## महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार:** परगमा गांव में रविवार को 'सेहत की पाठशाला' अभियान के तहत महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल ने व्यक्तिगत स्वच्छता पर जोर देते हुए महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए। उन्होंने महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सचेत करते हुए इसके लक्षणों, बचाव के उपायों और उपलब्ध वैक्सीन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## संडे ऑन साइकिल : जवानों ने लोगों को फिटनेस का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रविवार की सुबह कैंट की सड़कों पर अलग ही नजारा देखने को मिलता है। सुबह-सुबह फिटनेस का संदेश देती साइकिल रैली भारतीय खेल प्राधिकरण सेंटर से निकली। इसके माध्यम से रोजाना 30 मिनट साइकिल चलाने का संदेश दिया जाता है। ये रैली हर रविवार को निकलती है।

संडे ऑन साइकिल रैली में सेना के जवानों, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रैली धोपेश्वर नाथ मंदिर, धोपेश्वर नाथ चौक, कैंटोमेंट हॉस्पिटल, ऑफिसर मैस और अब्दुल हाफिज़ द्वार से होते हुए जाट रेजीमेंट सेंटर स्टेडियम पहुंची। पूरे रास्ते फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। अधिकारियों और खेल प्रशिक्षकों ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर रहे है। रोजाना सिर्फ 30 मिनट साइकिल चलाकर शरीर को फिट रखा जा सकता है। अधिकारियों ने युवाओं से मोबाइल और स्क्रीन टाइम कम कर खेल और व्यायाम की ओर बढ़ने की अपील भी की। जाट रेजिमेंट सेंटर के ब्रिगेडियर हरजीत पाल सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल आंनद वर्मा, केंद्र प्रभारी संदीप मोहन चौधरी, कुश्ती प्रशिक्षक नवीन बालियान, सेपकटाकरा प्रशिक्षक मीना, उपेंद्र पाल, शुभम चौरसिया, अर्पित बाजपेयी आदि मौजूद रहें।


साइकिल चलाते सेना के जवान और छात्र। • अमृत विचार

- कैंट स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण सेंटर से निकली साइकिल रैली

## सरकारी भूमि को बुलडोजर चलाकर कब्जा मुक्त कराया

**मीरगंज, अमृत विचार:** प्रशासन ने ग्राम ठिरिया खेतल में सरकारी भूमि पर बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण हटवा दिया। आरोप है कि अमित मौर्य, सूरज मौर्य समेत कुछ लोगों ने सरकारी नाले पर अवैध पटान कर कब्जा किया जा रहा था। शिकायत मिलने पर एसडीएम ने सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने का निर्देश तहसीलदार को दिया।

तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने राजस्व निरीक्षक बृज किशोर कटियार के नेतृत्व में टीम गठित की। लेखपाल आदित्य कुमार ने स्थलीय पैमाइश की, जिसमें सरकारी नाले पर अवैध पटान और अतिक्रमण की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी की मदद से नींव समेत अन्य अवैध निर्माण ध्वस्त कर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। तहसीलदार ने बताया कि भूमि रिजर्व लैंड की श्रेणी में आती हैं। इस पर किसी भी प्रकार का निर्माण पूरी तरह अवैध है।

## सपा की बैठक में बूथ प्रबंधन और गांव गांव समस्याएं सुनने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रविवार को ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों, और नगर पंचायत चेयरमैनों की बैठक हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता सरकार की जनविरोधी नीतियों, कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुकी है। समाज का हर वर्ग चाहे वह किसान हो, नौजवान हो या व्यापारी अब व्यवस्था परिवर्तन की राह देख रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2027 का आगामी विधानसभा चुनाव महज सत्ता पाने का जरिया नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का महासंग्राम होगा, जिसमें पीडीए की एकजुट ताकत एक नया इतिहास रचेगी।

बैठक में संगठन की मजबूती और बूथ प्रबंधन पर रणनीति साझा करते हुए जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया गया कि वे गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं के लिए संघर्ष तेज करें। निवर्तमान जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव के संचालन में चली इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को बूथ स्तर पर सक्रिय टीम बनाने और जनता के बीच रहकर उनकी आवाज बुलंद करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अशोक यादव, ब्लॉक प्रमुख जगमोहन यादव, चेयरमेन शराफत जरीवाला, जिला पंचायत सदस्य अमित राज यादव, तेजपाल गंगवार, अरविन्द यादव, सतेंद्र सविता, नवाबउद्दीन, डॉ. ब्रह्मस्वरूप सागर, इंद्रपाल सागर, राम बहादुर लोधी आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते सुभलेश यादव। • अमृत विचार

- ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों और चेयरमैनों की बैठक
- पीडीए की ताकत रचेगी प्रदेश में नया इतिहास : शुभलेश

## सिटी ब्रीफ

### पुलिस ने नेपाली युवक को परिजनों से मिलाया

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत रोड पर अर्धनग्न हालत में भटक रहे नेपाल के रहने वाले दिलीप को पुलिस ने सुरक्षित उसके परिवार से मिला दिया। मनोसमर्पण संस्था के अध्यक्ष शैलेश शर्मा की सूचना पर सक्रिय हुई पीआरवी और सैटेलाइट चौकी इंचार्ज मयंक भारद्वाज की टीम ने युवक को रेस्क्यू किया। युवक नेपाल के कंचनपुर का निवासी है। अहमदाबाद से लौटते समय लापता हो गया था।

### पूर्णागिरि दर्शन को गया परिवार, घर में हुई चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में बंद घर में चोरों ने लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुर्खा निवासी किशन सिंह राना ने बताया कि वह पांच मई को पूरे परिवार के साथ पूर्णागिरि दर्शन के लिए गए थे। छह मई की दोपहर करीब ढाई बजे परिवार वापस लौटा तो घर में सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियों के ताले टूटे मिले। चोर माल-सामान ले उड़े।

# महानगर के पास बाइक टच होने पर सेल्समैन को उठा ले गए दबंग

## पीलीभीत बाईपास से किया अपहरण, फिरौती मांगी, पुलिस ने किया बरामद

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** पीलीभीत बाइपास पर मामूली बाइक टच होने के बाद दबंगों ने शराब दुकान के सेल्समैन का फिल्मी अंदाज में अपहरण कर लिया। कार सवार युवक बीच सड़क से उसे जबरन उठाकर ले गए और पूरी रात शहर में घुमाते हुए बेरहमी से पिटाई करते रहे। आरोपियों ने पीड़ित के मोबाइल से उसके परिचितों को फोन कर एक लाख रुपये की फिरौती मांगी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने 18 घंटे बाद युवक को बरामद किया। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर कार कब्जे में ले ली गई है।



पीड़ित सेल्समैन अभिषेक गंगवार।

पुलिस के अनुसार, भुता थाना क्षेत्र के सिसैया गांव निवासी 25 वर्षीय अभिषेक गंगवार केसरपुर स्थित शराब दुकान पर सेल्समैन हैं। रविवार को इज्जतनगर थाने पहुंचे अभिषेक ने बताया कि शनिवार रात वह अपने साथी ललित पटेल समेत पांच लोगों के साथ दो बाइक से प्लॉट देखकर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े नौ बजे पीलीभीत बाइपास पर महानगर कॉलोनी के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार उनकी बाइक से हल्की टकरा गई।

अभिषेक के मुताबिक उन्होंने कार सवार युवकों से विरोध जताया तो चार युवक गाड़ी से उतर आए। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, दबंगों ने उसे पकड़ लिया और जबरन कार में डालकर फरार हो गए। साथियों ने पीछा मगर तेज रफ्तार कार ओझल हो गई। आरोपी पूरी रात उसे कार में घुमाते रहे। पीटते रहे। परिचितों को कॉल कर एक लाख की फिरौती मांगी। अभिषेक ने गरीबी की बात कही तो उसे और ज्यादा टॉर्चर किया। सूचना मिलते ही पुलिस जुट गई थी। सर्विलांस से कार की लोकेशन मिल गई। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें अलहलादपुर के पास नदी किनारे घेर लिया। एक आरोपी मौके से कार समेत दबोचा गया। कार में बंधक पीड़ित अभिषेक भी मिल गया। पूछताछ में उसने रो-रोककर आपबीती सुनाई है। तीन आरोपी भाग निकले।

> पुलिस टीम की घेराबंदी में एक आरोपी मौके से दबोच लिया गया। पीड़ित को सकुशल मुक्त करा लिया गया है। केस दर्ज कर घटना में शामिल बाकी आरोपियों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं। जल्द ही उनको पकड़ लिया जाएगा।
>
> **-सुरेश चंद्र गौतम,** इंस्पेक्टर बारादरी

## कर्ज की रकम चुकाने के बाद भी सर्राफ ने नहीं लौटाए जेवर

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने सर्राफ पर जेवर गिरवी रखकर रुपये लिए। पूरी रकम लौटाने के बाद भी गहने वापस नहीं मिले। पीड़ित ने प्रेमनगर थाने में तहरीर दे कार्रवाई की मांग की है।

तुलाशेरपुर निवासी कमलेश ने बताया कि वह किराये पर रहता है। 2024 में प्लॉट खरीदने के लिए करीब दो लाख रुपये कम पड़ रहे थे। उसके दोस्त ऋषभ रस्तोगी ने बताया कि उसके पिता राजकुमार रस्तोगी गिरवी-गांठ का काम करते हैं। जेवर गिरवी रखकर रुपये मिल जाएंगे। उसने दो जोड़ी सोने की चूड़ी, एक चेन और एक जोड़ी सोने की झुमकी गिरवी रखीं। बदले में उसे करीब 1.55 लाख रुपये दिए गए। मार्च 2026 में उसने पूरी रकम चुका दी। इसके बावजूद आरोपियों ने जेवर वापस नहीं किए। मांगने पहुंचा तो आरोपियों ने हत्या की धमकी दी।

# बारादरी में स्कूल से बच्चों के अपहरण की कोशिश

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **महिला बोली, पुरानी रंजिश में परिवार को धमकाता है आरोपी**

**अमृत विचारः** बारादरी थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने रिश्तेदार पर स्कूल में जाकर बच्चों के अपहरण के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसएसपी से की है, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

सूफी टोला की रहने वाली नेहा का ने पुलिस को बताया कि ननदोई जावेद अंसारी उर्फ मीडिया से विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते आरोपी लगातार परिवार को परेशान कर रहा है और धमका रहा है। महिला के मुताबिक आरोपी उनके पति को नौकरी से निकलवाने, ड्यूटी के दौरान हादसा कराने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे चुका है। नेहा ने बताया कि छह मई की सुबह करीब साढ़े सात बजे आरोपी सफेद रंग की कार से बच्चों के स्कूल पहुंचा। उसने स्कूल स्टाफ से बच्चों के बारे में जानकारी लेनी शुरू कर दी। उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर शिक्षिकाओं ने बच्चों को उससे नहीं मिलने दिया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने स्कूल स्टाफ से बहस और बदसलूकी भी की। पीड़िता का कहना है कि आरोपी बच्चों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से स्कूल पहुंचा था। महिला ने दावा किया कि घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और स्कूल शिक्षिका की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है, जिन्हें पुलिस को सौंपा जाएगा। घटना के बाद से परिवार दहशत में है।

एसएसपी आदेश पर बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# ठेले पर मरीज मामले की जांच करेगी कमेटी

**कार्यालय संवाददाता,बरेली**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल परिसर में मरीज को ठेले पर ले जाने का वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम सिटी, एडीएम एफआर और सीएमओ की तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट तलब की है।

जिलाधिकारी ने कहा कि मरीज को रेफर करने वाले डॉक्टर को नोटिस जारी कर दिया गया है और जांच में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ अमानवीय व्यवहार किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मरीज को बिना स्ट्रेचर और एंबुलेंस सुविधा के ठेले पर ले जाया जाता दिखाई दे रहा है।

वीडियो सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए और मामला तेजी से तूल पकड़ गया। विपक्षी दलों ने भी सरकार और स्वास्थ्य विभाग को निशाने पर ले लिया। विपक्षी नेताओं ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर तीखी टिप्पणी की।

### बरेली प्रकरण पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बोले, दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई



बृजेश पाठक ने बरेली जिला अस्पताल में मरीज को ठेले पर लाने के वायरल वीडियो पर सख्त रुख अपनाया है। मामले को गंभीर मानते हुए उन्होंने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी और इमरजेंसी वार्ड से लेकर मुख्य गेट तक की गतिविधियों की पड़ताल करेगी। जांच रिपोर्ट सीधे स्वास्थ्य मंत्री को सौंपी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग यह पता लगाएगा कि मरीज के अस्पताल पहुंचने के दौरान एम्बुलेंस और स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध थीं या नहीं। साथ ही ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में रहेगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सूत्रों के अनुसार बर्खास्तगी तक की कार्रवाई हो सकती है। डिप्टी सीएम ने कहा कि गरीब मरीजों के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। घटना के बाद जिला अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। इससे पहले भी अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं और एम्बुलेंस व्यवस्था को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं।

## तस्कर को गिरफ्तार कर 270 ग्राम स्मैक पकड़ी

**बरेली अमृत विचार :** पुलिस ने डोहरा चौराहे के पास एक तस्कर को 270 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 27 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी का एक साथी फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात बारादरी थाना पुलिस गश्त कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ युवक डोहरा चौराहे के पास स्मैक बेचने की फिराक में खड़े हैं। पुलिस टीम ने 99 बीघा मैदान क्षेत्र में एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। आरोपी के पास से 270 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी का नाम विकास निवासी कर्मपुर, थाना मीरगंज है। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक खरीदकर उसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचता था। इससे मिलने वाले पैसों से वह अपना नशा और अन्य खर्च पूरे करता था।

# मुड़िया में शव यात्रा के रास्ते पर विवाद, घटों तनातनी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर क्षेत्र के मुड़िया अहमदनगर में शव यात्रा को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद रास्ते को लेकर हुआ, जहां से अर्थी निकाली जा रही थी। जमीन स्वामी ने नई परंपरा बताकर विरोध किया तो तनातनी और हंगामे के हालात बन गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी समझा-बुझाकर मामला तूल पकड़ने से रोका। बाद में अंतिम संस्कार भी हो गया मगर भविष्य में ऐसा गतिरोध फिर सामने आ सकता है। मामले में ग्राम प्रधान की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया गया है कि गलत तरीके से निजी भूमि और रास्ते के जबरन इस्तेमाल कराया जा रहा है।

पंचायत चुनाव को लेकर मुडिया अहमद नगर में पार्टीबंदी के हालात हैं। यह गांव बेहद संवेदनशील माना जाता है और कई बार आपसी टकराव की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अतीत में हुए विवादों का साया रविवार को भी मौके पर नजर आया। शव यात्रा निकाले जाने को लेकर तनातनी की स्थिति बन गई। खुद को निजी जमीन का मालिक बता रहे पक्ष ने आरोप लगाया कि नई परंपरा डालकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। विवाद का पता होते ही लेखपाल, कानूनगो व पुलिस के साथ एसडीएम मौके पर पहुंच गए और विवाद बढ़ने से रोका।



गांव में हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

- **इज्जतनगर क्षेत्र का मामला गरमाया, पुलिस के समझाने पर हो सका अंतिम संस्कार**

> गांव में शव का अंतिम संस्कार कराया गया है। श्मशान जाने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। गांववालों से आपस में बैठकर इसका हल निकालने के लिए कहा गया है।
>
> **-सुरेश चंद्र गौतम,** इंस्पेक्टर इज्जतनगर

पुलिस ने समझाकर गेट का ताला खुलवाया। जिसके बाद शव श्मशान भूमि ले जाया गया। अफसरों ने गांववालों से कहा है कि आपस में बैठकर रास्ते के विवाद का हल निकालें, ताकि आगे ऐसी स्थिति न बने। लेखपाल योगेंद्र ने कहा कि जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा। फिलहाल सभी की सहमति से शव यात्रा निकलवाई गई है। पिछले 40 वर्षों से खाली पड़े प्लॉट से शव यात्रा निकाली जाती रही है। सहमति से ही समस्या का हल निकलेगा।

प्लाट स्वामी पक्ष की रीमा ने आरोप लगाया कि श्मशान के लिए मखनी स्कूल की तरफ से रास्ता मौजूद है, लेकिन उसे बंद कर दिया गया। अब वहां प्लॉट काटे जा रहे हैं, जिससे विवाद पैदा हो रहा है। शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी। पुलिस ने जबरन उनके प्लाट से शव यात्रा को निकालवाया है। ममता ने कहा कि संबंधित जमीन निजी है और वहां कोई सार्वजनिक रास्ता नहीं है।

# नवाबगंज में भाई-भतीजों ने युवक की जान ले ली

**संवाददाता, नवाबगंज**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिजौलिया में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि बड़े भाई ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर छोटे भाई पर ईंटों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



मृतक इरफान अली।

सिजौलिया गांव निवासी जन्नती ने बताया कि उनके पति दिलवर शाह की तीन वर्ष पहले मौत हो चुकी है। परिवार में बेटों के बीच काफी समय से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा था। शनिवार देर रात छोटे बेटे इरफान अली और बड़े बेटे अजव शाह के बीच फिर कहासुनी हो गई।

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अजव शाह ने अपने बेटों सोहिल और साहिल के साथ मिलकर इरफान अली पर हमला कर दिया। तीनों ने ईंटों से उसके सिर पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी नसरीन ने सोहिल,मुन्ना,परवीन और अजव शाह के खिलाफ थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मृतक इरफान अली अपने पीछे पत्नी नसरीन और तीन साल के बेटे को छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## चेकिंग में नशे में मिले चालकों की गाड़ियां डंपिंग यार्ड भेजीं

**रिठौरा/ बरेली, अमृत विचारः** रविवार को लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर स्थित टोल प्लाजा पर दो दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान के अंतिम दिन 'ड्रिंक एंड ड्राइव'' के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। थानाध्यक्ष प्रवीण सोलंकी और ट्रैफिक इंस्पेक्टर रणजीत सिंह के नेतृत्व में चार ट्रैफिक पुलिस टीमों, थाना हाफिजगंज व नवाबगंज की सीसी टीमों ने टोल पर मोर्चा संभाला। अभियान के दौरान लगभग 440 वाहनों को चेक किया गया। जांच में 18 वाहन चालक शराब के नशे में धुत पाए गए। पुलिस ने सभी 18 वाहनों के चालान काटकर उन्हें डंपिंग यार्ड में खड़ा करवा दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से टोल प्लाजा पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान टीसीआई लखमीचंद, सीसी टीम प्रभारी नवाबगंज दिनकर कुमार, हाफिजगंज प्रभारी सुभाषचंद्र मौके पर जुटकर वाहन चेक करते रहे।

# वर्दीवालों ने दिखाया खेलों में दम मिला आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** बरेली पुलिस के दो सिपाहियों ने शानदार खेल प्रतिभा के दम पर विभाग का मान बढ़ाया है। क्रिकेट और वेटलिफ्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अवनीश चपराना और सिद्धांत चौधरी को खेलों में बेहतरीन उपलब्धियों के लिए आउट ऑफ टर्न प्रमोशन भी मिला है।

मूल रूप से नोएडा जनपद के रहने वाले अवनीश चपराना बरेली पुलिस के बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ियों में शामिल हैं। ऑलराउंडर खिलाड़ी के रूप में अवनीश का चयन यूपी पुलिस क्रिकेट टीम में हुआ है। अवनीश ने कई महत्वपूर्ण मुकाबलों में टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं, सिद्धांत चौधरी ने वेटलिफ्टिंग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्हें बरेली पुलिस का सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर माना जाता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल पद पर प्रमोशन दिया गया है।अधिकारियों का कहना है कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मी विभाग की पहचान को नई ऊंचाई देते हैं। दोनों खिलाड़ियों की सफलता से पुलिस विभाग के खिलाड़ियों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि दोनों ही खिलाड़ी पुलिस की शान हैं। अपनी मेहनत के दम पर उनका चयन हुआ है। दोनों ही खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए बहुत बहुत बधाई। कई और खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।



क्रिकेटर अवनीश चपराना को एसएसपी कार्यालय में सम्मानित करते एसएसपी।

- **क्रिकेट में अवनीश चपराना और वेटलिफ्टिंग में सिद्धांत चौधरी ने बढ़ाया मान**



बेस्ट वेटलिफ्टिंग प्लेयर सिद्धांत चौधरी को मिठाई खिलाते एसएसपी।

# सीबीगंज के रेल मैदान में बेहोश मिली युवती

**संवाददाता, सीबीगंज**

**अमृत विचार :** सर्वोदयनगर के सामने रेलवे कॉलोनी के मैदान में रविवार सुबह एक युवती बेहोशी की हालत में मिली। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने डायल 112 और थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवती को जिला अस्पताल भिजवाया। पूछताछ में पता चला कि गांव सनैया रानी निवासी ऑटो चालक वाहिद उसे सनौआ मोड़ से अपने ऑटो में बैठाकर सीबीगंज लाया था। चालक ने देर रात करीब दो बजे सर्वोदयनगर स्थित देसी शराब की दुकान खुलवाकर शराब खरीदी। उसने खुद भी शराब पी और युवती को भी पिलाई। नशे उसे रेलवे फील्ड के पास छोड़ गया।इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि युवती नाम और पता नहीं बता पा रही थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मानसिक चिकित्सालय भेजा गया है।

### दवा लेने निकली युवती लापता, चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर के रोड नंबर-1 निवासी व्यक्ति ने इज्जतनगर थाने में तहरीर दी कि उनकी बेटी तीन मई की शाम करीब छह बजे दवा लेने घर से निकली थी। इसके बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों ने जब युवती के मोबाइल पर कॉल किया तो उसने बताया कि वह अपने दोस्त के घर है और एक-दो दिन में वापस आ जाएगी। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। पिता न अमन, यश, रमन सक्सेना और रजत पर बेटी को ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिजली के बड़े बकाएदारों के घरों पर लाल निशान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बिजली बिल बकायेदारों पर बिजली निगम ने सख्त कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। 50 हजार रुपये से अधिक बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के घरों पर विद्युत बकाया परिसर बड़े अक्षरों में लाल रंग से लिखा जाना शुरू कर दिया गया। इसके लिए बिजली निगम ने विशेष डाई तैयार करवाई है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम बरेली प्रथम जोन के मुख्य अभियंता वितरण ज्ञान प्रकाश ने बताया कि चेतावनी के बावजूद बिल जमा न करने वालों पर 50 हजार से ऊपर के बकायेदारों के घरों पर अब विद्युत बकाया परिसर लिखाया जा रहा है। इस कार्रवाई का मकसद उपभोक्ताओं को सार्वजनिक रूप से चेतावनी देना है ताकि वह जल्द से जल्द अपना बिल जमा करें। बिल जमा करने के बाद बिजली निगम खुद इसे साफ भी कराएगा। मुख्य अभियंता ने बताया कि यह कदम बकाया भुगतान जमा करने में हो रही लापरवाही को रोकने की दिशा में उठाया जा रहा है।



बकायेदार के घर पर लाल रंग से लिखती बिजली टीम। ● अमृत विचार

- **50 हजार से ऊपर के बकायेदारों पर बिजली निगम ने शुरू की सख्त कार्रवाई**

इससे न केवल राजस्व की वसूली तेज होगी बल्कि उपभोक्ताओं में जवाबदेही भी बढ़ेगी। बताया कि समय से बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को किसी तरह की असुविधा नहीं होगी, लेकिन जानबूझकर टालने वालों को अब राहत नहीं मिलेगी।

**बढ़ती गर्मी के बीच बिजली कटौती से उपभोक्ता बेहाल :** जिले में बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। दूसरी ओर बार-बार हो रही कटौती ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। रविवार को शहर से लेकर देहात तक ट्रिपिंग, लोकल फॉल्ट और अनुरक्षण कार्य के चलते घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। मुख्य अभियंता की ओर से निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए जाने के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल सकी। किला उपकेंद्र के सिटी फीडर प्रथम क्षेत्र स्थित जसौली में बंच केबल जलने से करीब साढ़े पांच घंटे बिजली गुल रही। सूचना मिलने के कई घंटे बाद केबल बदलने का कार्य शुरू हो सका। वहीं, मेगा सिटी क्षेत्र में एलटी बंच केबल शॉर्ट होने से चार घंटे तक आपूर्ति प्रभावित रही। दुर्गानगर के संजय नगर बाईपास फीडर पर ट्रांसफार्मर अनुरक्षण कार्य के चलते दो घंटे कटौती की गई। इसके अलावा कैंट सदर उपकेंद्र की 33 और 11 केवी लाइन पर मरम्मत कार्य के कारण सदर, कटरा चांद खां, राजनगर और आजाद नगर समेत कई इलाकों में करीब डेढ़ घंटे बिजली बाधित रही। शहर के अन्य हिस्सों में भी दिनभर ट्रिपिंग और लोकल फॉल्ट के कारण बिजली संकट बना रहा।

## मरम्मत कार्यों में सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग अनिवार्य करें

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने रविवार को बहेड़ी विद्युत वितरण खंड कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में उन्होंने राजस्व वसूली, बिजनेस प्लान के अंतर्गत चल रहे कार्यों तथा लंबित परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में एक्सईएन, एसडीओ, जेई और टीजी-टू कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए मुख्य अभियंता ने कहा कि विद्युत मरम्मत कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का हर हाल में पालन किया जाए। उन्होंने कर्मचारियों से हेलमेट, ग्लव्स और अन्य सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने को कहा, ताकि हादसों से बचा जा सके। तकनीकी खामियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी चर्चा की गई।

# बड़ी परियोजनाओं का ऑडिट करेगी आईआईटी जैसे संस्थानों की टीम

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **25 करोड़ से ऊपर के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य**
- **आईआईटी समेत अन्य प्रतिष्ठित संस्थान करेंगे निगरानी**
- **ठेकेदारों की बढ़ेंगी मुश्किलें, पांच स्तरों पर होगा निरीक्षण**

**अमृत विचार :** सड़कों व पुलों के निर्माण में अब खानापूरी नहीं चलेगी। शासन ने भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए सभी बड़ी परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट की नई व्यवस्था लागू कर दी है। स्थानीय स्तर पर होने वाले बड़े निर्माण कार्यों में गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए आईआईटी और अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों की मदद ली जाएगी। अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। सूचना मंडलायुक्त, जिलाधिकारी को भेजी गई है।

नई व्यवस्था के तहत 25 करोड़ से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य होगा। वहीं, विशेष रूप से वह परियोजनाएं जिनकी लागत 100 करोड़ रुपये से अधिक है, उनकी निगरानी आईआईटी कानपुर, दिल्ली, रुड़की और बीएचयू जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थान करेंगे।



मध्यम श्रेणी की परियोजनाओं का ऑडिट राज्य स्तरीय संस्थानों जैसे एमएनआईटी प्रयागराज, एएमयू अलीगढ़ को सौंपा गया है। यह संस्थान निर्माण सामग्री, डिजाइन, सुरक्षा मानकों और कार्य की वास्तविक प्रगति की सूक्ष्मता से जांच करेंगे। गुणवत्ता जांच की यह प्रक्रिया निर्माण के विभिन्न चरणों में पूरी की जाएगी। शासनादेश के अनुसार, परियोजनाओं के डिजाइन तैयार होने, 25, 50 व 75 प्रतिशत कार्य पूरा होने और अंत में कार्य संपन्न होने पर निरीक्षण करना अनिवार्य होगा।

इसके लिए संबंधित विभागों और तकनीकी संस्थानों के बीच एमओयू साइन किया जाएगा। शासन ने ऑडिट के लिए शुल्क भी निर्धारित कर दिया है, जिससे अब बरेली मंडल में सड़कों और पुलों के निर्माण में पारदर्शिता आएगी और घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग पर पूरी तरह रोक लग सकेगी।

# रोहिलखंड एलीट स्मैशर्स बना वॉलीबॉल विजेता

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पहले सीजन के फाइनल में केशलता थंडर्स स्पाइकर्स को सीधे सेटों में हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



वॉलीबॉल के फाइनल में प्वाइंट के लिए जूझते खिलाड़ी। ● अमृत विचार



विजेता टीम को ट्रॉफी देते कुलाधिपति डा. केशव अग्रवाल, कुलपति डा. लता अग्रवाल।

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में फैकल्टी नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों में रोमांचक खेल देखने को मिला। पहला सेमीफाइनल रोहिलखंड एलीट स्मैशर्स और एके वॉली किंग्स के बीच और दूसरा सेमीफाइनल केशलता थंडर्स स्पाइकर्स और आरएमसीएच पुली ब्लॉकर्स के बीच हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोहिलखंड और केशलता के बीच हुआ। फाइनल में रोहिलखंड ने केशलता को एकतरफा मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान की स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन डॉ. आशुतोष कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में छह टीमों ने प्रतिभाग किया। सभी टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में रोहिलखंड ने डॉ. सतगुरु के शानदार खेल से केशलता थंडर्स स्पाइकर्स को सीधे सेटों में 15-5, 15-5 के अंतर से हराकर वॉलीबाल प्रतियोगिता के पहले सीजन का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले पहले सेमीफाइनल में रोहिलखंड ने एके वॉली को 15-12 और 15-7 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में केशलता ने आरएमसीएच को 15-9 और 15-13 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल और कुलपति डॉ. लता अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। समापन पर डॉ. केशव अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को खेल

**● बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन**

भावना के साथ खेलने की बधाई देते हुए कहा खेल में एक टीम जीतती और दूसरी टीम हारती है लेकिन खेल भावना सबसे बड़ी होती है। डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि प्रतियोगिता के पहले सीजन में टीमों ने शानदार खेल दिखाया। सभी खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीमों को जिताने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल को हम सबको अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। फिट रहने के लिए खेल बहुत अच्छा माध्यम है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. रजनेश पठानिया, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. तसलीम खान, डॉ. ऋषि सैनी, डॉ. सद्गुरु सरन सिंह, डॉ. फैज शम्सी, डॉ. विनोद पांडेय, डॉ. रमजान, डॉ. प्रवीन गर्ग आदि का सहयोग रहा।

## मातृ दिवस पर बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**बरेली, अमृत विचार :** मदर्स पब्लिक स्कूल की बरेली शाखा में रविवार को मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनकी माताओं को आमंत्रित किया गया। प्रधानाध्यापिका सीमाब हनीफ ने माताओं का स्वागत किया। बच्चों ने मातृ सम्मान में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा नौ की छात्रा नमामि ने कविता पाठ किया। गोदी में सुला ले मां, सीने से लगा ले मां गीत ने माहौल को भावुक बना दिया। माताओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया। विद्यालय प्रबंधक राजेश यादव ने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि बच्चे की पहली गुरु भी होती है। प्रधानाचार्य आईपीएस चौहान ने कहा कि मां का स्नेह और मार्गदर्शन ही बच्चे के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनता है।

# जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग कार्यशाला में विद्यार्थियों ने जानी तकनीक

कार्यालय संवाददाता, बरेली


**● डिजिटल मैपिंग और स्पेशल डेटा एनालिसिस से प्रतिभागियों को कराया गया अवगत**

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला नेविगेटिंग द फ्यूचरः जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग का दूसरे दिन रविवार को समापन हो गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग तकनीक के बढ़ते महत्व से अवगत कराया गया।

सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम के निदेशक प्रो. एपी सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में विभागाध्यक्ष डॉ. जसपाल सिंह ने कहा कि जीआईएस और रिमोट सेंसिंग आधुनिक शोध और तकनीकी अध्ययन का महत्वपूर्ण आधार बन चुके हैं। मुख्य वक्ता कोलकाता की जीआईएस विश्लेषक श्रुति सक्सेना ने गूगल अर्थ प्रो, आर्कजीआईएस, डिजिटल मैपिंग और स्पेशियल डेटा एनालिसिस से संबंधित जानकारियां साझा कीं। साथ ही विभिन्न सॉफ्टवेयर के माध्यम से मैप तैयार करने और डेटा विश्लेषण की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझाया। प्रतिभागियों ने सत्र के दौरान विशेषज्ञ से तकनीकी विषयों पर संवाद भी किया। संचालन डॉ. अनामिका अग्रवाल ने किया। डॉ. गौरव भूषण और डॉ. निष्ठा सेठ का विशेष सहयोग रहा। तकनीकी संचालन रवि कुमार गंगवार, अंजलि, मुकेश कुमार और अभिषेक गौतम ने संभाला।

# रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय पुनर्जीवन कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



राष्ट्रीय पुनर्जीवन कार्यक्रम में शामिल स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नवजात शिशुओं की मृत्यु दर कम करने और जन्म के तुरंत बाद आवश्यक जीवनरक्षक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को राष्ट्रीय पुनर्जीवन कार्यक्रम (एनआरपी) दिवस मनाया गया। यह आयोजन नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम (एनएनएफ) इंडिया की ओर से अध्यक्ष डॉ. लल्लन कुमार भारती के नेतृत्व में देशभर में चलाए जा रहे व्यापक प्रशिक्षण अभियान का हिस्सा है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को नवजात शिशुओं को जन्म के

**● 70 स्वास्थ्यकर्मियों को दिया गया नवजात पुनर्जीवन का प्रशिक्षण**

समय सांस दिलाने एवं पुनर्जीवन सहायता प्रदान करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कुल 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि जन्म के समय शिशु का सांस न ले पाना नवजात मृत्यु का प्रमुख कारण है। ऐसे में जन्म के बाद शुरुआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। समय पर दी गई सहायता से कई नवजातों की जान बचाई जा सकती है। कोर्स समन्वयक डॉ. प्रीति लता राय ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ नवजात मृत्यु दर कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया।

# पीजीटी परीक्षा: दूसरे दिन भी आधे से ज्यादा अभ्यर्थी गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



परीक्षा केंद्र बरेली कॉलेज से निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित पीजीटी भर्ती-2022 परीक्षा रविवार को जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। दूसरे दिन भी परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों को मिलाकर पंजीकृत 8120 अभ्यर्थियों में से केवल 3567 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे।

रविवार को पहली पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत और मनोविज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित हुई। इसमें 4413 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 1812 उपस्थित और 2601 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिंदी और कला विषय की परीक्षा हुई। इसमें 3707 में से 1755 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 1952 गैरहाजिर रहे। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को सामान्य और आसान स्तर का बताया। दूसरी पाली के प्रश्न पत्र में जल के त्रिक बिंदु पर स्वतंत्रता की कोटि, विकिरण ऊर्जा को मापने के लिए एक्टिनोमीटर में कौन सा रासायनिक यौगिक उपयोग किया जाता है, किसके स्पेक्ट्रम में दृश्य क्षेत्र में केवल एक अवशोषण बैंड देखा जाता है, विलेमाइट और फेनासाइट किस प्रकार के सिलिकेट के उदाहरण

**● 14 केंद्रों पर 8120 में से केवल 3567 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा**

हैं, मोज्ले का आवर्त नियम किस पर आधारित है जैसे प्रश्न पूछे गए। पीजीटी भर्ती परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों ने पेपर को सामान्य और आसान स्तर का बताया। मुरादाबाद, संभल व अमरोहा से परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों ने बताया कि पेपर अच्छा था और ज्यादातर सवाल सामान्य स्तर के थे, हालांकि कुछ प्रश्न मॉडरेट लेवल के भी थे। वहीं सुबह की पाली में परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि इस बार परीक्षा पैटर्न में बदलाव देखने को मिला। कुछ प्रश्न सूक्तियों से जुड़े हुए थे, जबकि पहले सीधे सर्गों और अंकों से प्रश्न पूछे जाते थे।

**कड़ी सुरक्षा के बाद केंद्रों में मिला प्रवेश :** परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। अभ्यर्थियों की केंद्रों पर जूते मोजे उतरवाकर जांच हुई। महिलाओं की जांच के लिए अलग चेकिंग रूम बनाए गए थे। अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक जांच भी कराई गई। आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्रों से डिटेल्स का मिलान करने के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में भेजा गया।

## मां दे रही थी परीक्षा, पिता ने संभाली बेटी



**बरेली, अमृत विचार :** पीजीटी भर्ती परीक्षा के दौरान रविवार को बरेली कॉलेज परीक्षा केंद्र एक अभ्यर्थी अपने सपनों और भविष्य को आकार देने के लिए प्रश्नपत्र हल कर रही थी। बाहर पिता अपनी बेटी को संभालते नजर आए। ताकि मां बिना किसी चिंता के परीक्षा दे सके। बच्ची भी पिता की गोद में पूरा आनंद लेती रही। यह दृश्य महिलाओं के सपनों की उड़ान को पति के सहयोग को लाहिर कर रहा था।

# आईएमए ने थैलेसीमिया जागरुकता रैली निकाली

कार्यालय संवाददाता, बरेली



थैलेसीमिया स्वास्थ कैंप में सलाह देतीं डा. जे सरदाना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय चिकित्सा संघ बरेली शाखा द्वारा विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया जागरुकता रैली एवं निःशुल्क थैलेसीमिया स्क्रीनिंग तथा एचएलए टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता फैलाना और समय रहते जांच एवं रोकथाम के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत रविवार सुबह आयोजित जागरुकता रैली से हुई, जिसमें 150 से अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। रैली को जिला जज प्रदीप सिंह ने रवाना किया, जबकि सीजेएम जया विशिष्ट अतिथि रहीं। रैली आईएमए भवन से शुरू होकर चौकी चौराहा होते हुए कंपनी गार्डन तक निकाली गई। बच्चों ने पोस्टर, तख्तियां, झंडे और संदेशों के माध्यम से थैलेसीमिया की रोकथाम और नियमित उपचार का संदेश दिया।

विशेष टी-शर्ट में बच्चों की मासूम मुस्कान ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

आईएमए बरेली अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था द्वारा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को गोद लेकर

**● 150 से अधिक बच्चों ने लिया भाग, निःशुल्क स्क्रीनिंग व एचएलए कैंप का आयोजन**

हर माह निःशुल्क सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराया जाता है। रक्त ल्यूको-डिप्लेटेड और एनएटी टेस्टिंग से सुरक्षित होता है। साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच, आयरन चिलेशन थेरेपी और विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर भी आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में निःशुल्क स्क्रीनिंग एवं एचएलए टेस्टिंग कैंप में 150 से अधिक बच्चों की जांच की गई। मुख्य अतिथि विधायक बिथरी चैनपुर डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कैंप आरंभ किया। आईएमए पदाधिकारियों ने समाज से अपील की कि थैलेसीमिया की रोकथाम के लिए जागरूकता और समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर सम्मेलन

**बरेली, अमृत विचार:** डायनेमिक एजुकेशनल रिसर्च सोसाइटी की ओर से रविवार को रोटरी भवन में भारतीय ज्ञान प्रणालियों के पुनर्जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं बौद्धिक संपदा शासन विषय पर सम्मेलन किया गया। सम्मेलन हाइब्रिड मोड में हुआ। इसमें देशभर के शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

प्रो. सुबोध कुमार भटनागर ने भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए आधुनिक तकनीक और बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण को आवश्यक बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो. रविकांत, प्रो. मंजुला जैन, प्रो. सत्यवीर चौधरी, प्रो. एसके त्रिपाठी, प्रो. वंदना सिंह और प्रो. अशोक कुमार पुरोहित ने भी शिक्षा, नवाचार और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर विचार रखे।

## सिटी डायरी

### त्रिवटीनाथ और मढ़ीनाथ की टीमों ने जीते अंडर-12 क्रिकेट मैच




**बरेली, अमृत विचार :** कैंट स्थित रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट एकेडमी में आयोजित अंडर-12 मिनी आईपीएल क्रिकेट लीग के छठे दिन रविवार को त्रिवटीनाथ किंग्स और मढ़ीनाथ इलेवन ने जीत दर्ज की। दिन का पहल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए धोपेश्वरनाथ फाइटर्स की टीम 49 रन पर सिमट गई। अक्षत सैनी ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। त्रिवटीनाथ की ओर से सूर्य प्रताप सिंह ने चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी त्रिवटीनाथ किंग्स ने उत्कर्ष की 39 रन की नाबाद पारी की बदौलत आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्य प्रताप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए अलखनाथ की टीम 53 रन पर ऑलआउट हो गई। मढ़ीनाथ की ओर से सार्थक रस्तोगी ने छह विकेट झटके। मढ़ीनाथ ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। सार्थक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्रिकेट कोच मनीष सिंह की माता सुशीला देवी के हाथों से दिया गया।

### स्लम क्षेत्रों में आर्ट ऑफ गिविंग संस्था ने बांटीं मच्छरदानी



**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ मलेरिया-डेंगू जैसी बीमारियों के खतरे को देखते हुए आर्ट ऑफ गिविंग संस्था की ओर से रविवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पास स्थित झुग्गी-झोपड़ी में मच्छरदानियों का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने करीब 25 मच्छरदानियां वितरित की। इस दौरान लोगों को स्वच्छता और मच्छरों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। सदस्यों ने बताया कि गर्मी और बरसात के मौसम में मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में मच्छरदानी का नियमित उपयोग बेहद जरूरी है। इस दौरान गौरव आर्य, आदेश, अभिषेक, आर्यन और अर्जुन आदि मौजूद रहे।

### इन्टरडिपेन्डेन्ट बैप्टिस्ट चर्च में की गई विशेष आराधना



**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर के आलोक नगर स्थित इन्टरडिपेन्डेन्ट बैप्टिस्ट चर्च में रविवार को मदर्स डे के उपलक्ष्य में विशेष आराधना आयोजित की गई। संचालन चर्च के सीनियर पास्टर रेव्ह. डॉ. विलियम समुअल ने किया। उन्होंने कहा कि माता परमेश्वर का सर्वोत्तम उपहार है, जो हर परिस्थिति में संतान के साथ रहती है। बच्चों ने अपनी माताओं को फूल-माला पहनाकर व उपहार देकर शुभकामनाएं दीं, जबकि माताओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य और सुखमय जीवन के लिए प्रार्थना की। सिस्टर मनीषा सिंह, चिया और वैष्णवी ने कविता व विचार प्रस्तुत किए। बाइबिल पाठ पास्टर राजू भारती और विशेष प्रार्थना पास्टर राजेंद्र प्रसाद ने की।

### किड्स गार्डन प्ले स्कूल में मदर्स डे की धूम



**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी नगर स्थित किड्स गार्डन प्ले स्कूल एंड डे केयर में मदर्स डे समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि बीना सक्सेना, निदेशक विवेक सक्सेना एवं प्रधानाचार्या शैली सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों और उनकी माताओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और विभिन्न मनोरंजक खेलों का आनंद लिया। बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति आदर और प्रेम प्रकट किया जिससे माएं अभीभूत हो गईं। अंत में बच्चों के सामूहिक नृत्य ने उत्सव में चार चांद लगा दिए, जिसकी अभिभावकों ने काफी सराहना की।

## जेपीएम कॉलेज को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस सम्मान मिला



**बरेली, अमृत विचार:** जमुना प्रसाद मैमोरियल कॉलेज ने शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज को रूरल अर्बन काउंसिल ऑफ स्किल्स एंड वोकेशनल स्टडीज, दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित 'सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस 2026' से सम्मानित किया गया है।

इसके साथ ही कॉलेज को स्किल एंड वोकेशनल ट्रेनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट एएलटी सेंटर ऑफ द ईयर' का खिताब भी प्रदान किया गया है। निदेशक डॉ. मनोज कांडपाल ने इस उपलब्धि को पूरी टीम की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को उद्योगों के अनुरूप तैयार करना है। चेयरमैन योगेश पटेल सहित समस्त पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और टीम को बधाई दी।

**आयोजन** | रोटरी क्लब लेडीज विंग ने मनाया 'मदर्स डे' का जश्न

# मदर्स डे पर माताओं के प्रति व्यक्त किया प्रेम




कार्यक्रम में मौजूद क्लब से जुड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मदर्स डे पर कार्यक्रमों का आयोजन कर माताओं के प्रति प्रेम व्यक्त कर जीवन में उनके योगदान को सम्मान दिया गया।

रोटरी क्लब ऑफ बरेली चैंबर की लेडीज विंग ने रविवार को मदर्स डे सिविल लाइंस स्थित एक रेस्टोरेंट में मनाया। मेजबानी मनदीप कौर ने की। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां, गेम्स और इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किए गए। महिलाओं ने मातृत्व से जुड़े अनुभव साझा किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की रौनक में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर अंकिता मेहरोत्रा ने मां को प्रेम और संस्कारों का सबसे बड़ा स्रोत बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी भावनाएं साझा करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं। अनुष्का बंसल, अमृत बिंद्रा, रेखा गुप्ता, श्वेता तायल, सुगंधी गुप्ता, मनीषा बिंदल, सुरभि गुप्ता, अनुराधा गोयल, प्रिया खंडेलवाल, प्रीति तलरेजा और राधिका चांदनी सहित कई सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### ब्रह्माकुमारी संस्था ने मनाया मदर्स डे



**बरेली, अमृत विचार :** चौपला स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर 'मां सुखी जीवन की आधारशिला' विषय के साथ मदर्स डे का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि महिला कल्याण सेवा संस्थान की वरिष्ठ अधीक्षक छाया, वात्सल्य सेवा संस्था की संचालिका चेतना, कांता गंगवार, अर्चना, वैध विशेष रूप से उपस्थित रहीं। संचालिका राजयोगिनी पार्वती ने कहा कि मां के संस्कार और त्याग ही सशक्त समाज की नींव हैं। बीके महेश के मधुर गीतों और कुमारियों के आकर्षक नृत्य ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। राजयोगिनी नीता दीदी ने मंच संचालन किया।

### कैम्ब्रेज स्कूल में बच्चों ने बनाए ग्रीटिंग कार्ड



**बरेली, अमृत विचार :** कैम्ब्रेज स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय मातृत्व दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर, ग्रीटिंग कार्ड, फोटो फ्रेम और आभूषण बनाकर अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर डॉ. के. ए. वार्ष्णेय ने कहा कि इस वर्ष मातृत्व दिवस की थीम मां का प्रेम है, जिसका उद्देश्य समाज में मां के महत्व को और अधिक उजागर करना है। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समूह-अ में अजीज फातिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आरूष खान और जय सूरी क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय सहित समस्त शिक्षिकाओं ने आयोजन में सहयोग दिया।